कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 14-04-2024

विषय:- थाना भेलूपुर पुलिस टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमंचा 0.315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर के नेतृत्व में थाना भेलूपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 14.04.2024 को सुमन स्कूल के पास से 01 नफर अभियुक्त खालिद जमाल उर्फ राजा पुत्र मो0 जमील नि0 एन 12/375 ए यू जे मकदूम बाबा बजरडीहा थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी उम्र 24 वर्ष को एक अदद अवैध देशी तमंचा 0.315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना भेलूपुर पर मु0अ0सं0- 0158/2024 धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरण:-

दिनांक- 14.04.2024 को मुखबिर खास द्वारा दी गयी सूचना पर सुमन स्कूल के पास 01 नफर अभियुक्त खालिद जमाल उर्फ राजा पुत्र मो0 जमील नि0 एन 12/375 ए यू जे मकदूम बाबा बजरडीहा थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से एक अदद अवैध देशी तमंचा 0.315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद हुआ।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि मैं इसी तमंचे से लोगों को दिखाकर डराता हूँ व मौका मिलने पर चोरी करता हूँ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. खालिद जमाल उर्फ राजा पुत्र मो0 जमील नि0 एन 12/375 ए यू जे मकदूम बाबा बजरडीहा थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी उम्र 24 वर्ष

विवरण बरामदगी

1. एक अदद अवैध देशी तमंचा 0.315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 14.04.2024 को सुमन स्कूल के पास से, थाना क्षेत्र भेलूपुर वाराणसी

<u>आपराधिक इतिहास</u> -

1. मु0अ0सं0 0158/2024 धारा 3/ 25 आर्म्स एक्ट थाना भेलूपुर, कमि0 वाराणसी ।
2. मु0अ0सं0 0735/2019 धारा 379/411/414/489 भा0द0वि0 थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
3. मु0अ0सं0 19/2015 धारा 41/401 भादवि0 थाना दशाश्वमेध कमि0 वाराणसी

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार शुक्ला थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 दिनेश कुमार मौर्या चौकी इंचार्ज बजरडीहा, थाना भेलूरपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 प्रमोद, थाना भेलूपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 दिनेश यादव थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 अजय कुमार थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी ।